Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्रीमती जसकौर मीना (**दौसा**): महोदय, शिक्षा से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है । गुणवत्तायुक्त शिक्षा का अधिकार प्रत्येक नागरिक को मिला है । मेरा क्षेत्र जनजाति बाहुल्य है । जहाँ केन्द्रीय विद्यालय की मांग लम्बे समय से उठ रही है । दौसा जिला मुख्यालय पर विद्यालय विगत 10 वर्षों से चल रहा है, लेकिन उसका भवन आज तक भी नहीं बना । जिला प्रशासन द्वारा चार वर्ष पहले भूमि आवंटित की जा चुकी है । मेरी माँग है कि जल्दी से जल्दी बजट आबंटित कर भवन का काम शीघ्र प्रारंभ किया जाये ।

दूसरी ओर 23 लाख की आबादी का क्षेत्र उसमें लालसोट की विधान सभा है, उसमें पृथक से केन्द्रीय विद्यालय खोला जाना अत्यंत आवश्यक है । वहाँ भी प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्ध कराने का पत्र जारी किया जा चुका है ।

अत: राजस्थान के इस जनजाति के लिए आरक्षित संसदीय क्षेत्र में एक केन्द्रीय विद्यालय अवश्य खोला जावे ।

HON. CHAIRPERSON: Shri Jugal Kishore Sharma Ji – Not Present.

Shri Ravindra Kushawaha Ji – Not Present.

Dr. Nishikant Dubey Ji.